राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, बलसा, रोहड़ू में “औषधीय पौधे एवं पर्यावरण” विषय पर जागरूकता कार्यक्रम

A Report on Awareness Programme on ‘Medicinal Plants and Environment' at Government Senior Secondary School, Balsa, Rohru

#मिशनलाइफ के अंतर्गत 29 अगस्त, 2023 को भा॰वा॰अ॰शि॰प॰-हिमालयन वन अनुसन्धान संस्थान, शिमला द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, बलसा, रोहड़ू में “औषधीय पौधों एवं पर्यावरण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें विद्यालय के 25 छात्र एवं छात्राएँ उपस्थित रहे। डॉ॰ जोगिंदर चौहान ने बताया कि मिशन लाइफ का मुख्य उदेश्य लोगों के मध्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाना है और प्रत्येक व्यक्ति द्वारा व्यक्तिगत रूप से पर्यावरण सरंक्षण हेतु योगदान देना है। तत्पश्चात उन्होनें विद्यार्थियों को पर्यावरण प्रदूषण के कारणों एवं उनके निवारण के बारे में अवगत करवाया। इसके अलावा उन्होंने क्षेत्र में पाये जाने वाले विभिन्न औषधीय पौधे जैसे कि चोरा, निहानी, बन कक्कड़ी, मेदा, महामेदा, कशमल, भेखल इत्यादि की पहचान और उपयोग के बारे में जानकारी दी। श्री कुलवंत राय गुलशन ने मिशन लाइफ के तहत सात उद्देश्यों और पचहत्तर गतिविविधियों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को मुख्यतः ऊर्जा बचत, मोटे अनाज के महत्व के बारे में बताया।

Glimpses of the Programme

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बलसा
Awareness Programme
on
Mission LiFE
भा.वा.अ.शि.प.-हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला

****